
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

21 अक्टूबर 2024

# Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

कम चीजों के साथ जीवन जीना

सबसे बड़ी दौलत है।

**प्लेटो**



राकेश कुमार

Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 21 अक्टूबर

1. **श्री कृष्ण सिंह का जन्म–** बिहार केसरी' के नाम से सुप्रसिद्ध बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह का जन्म 21 अक्टूबर, 1887 ई. को बिहार के मुंगेर जिला में हुआ था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान साइमन कमीशन का बहिष्कार और नमक सत्याग्रह में भाग लेने के कारण जेल भी गये थे। वे एक बड़े ओजस्वी अधिवक्ता थे। बिहार, भारत का पहला राज्य था, जहाँ सबसे पहले उनके नेतृत्व में जमींदारी प्रथा का उन्मूलन उनके शासनकाल में किया गया था। वे वर्ष 1937 में केन्द्रीय असेम्बली के और 1937 में ही बिहार असेम्बली के सदस्य चुने गये तथा इसके बाद ही ये 1937 में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री बने।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को श्री कृष्ण सिंह के बारे में और भी जानकारी प्रदान करें। बिहार के अन्य मुख्यमंत्री के कार्यकाल के बारे में भी बतायें।

2. **अलाउद्दीन खिलजी का राज्यारोहन–** 21 अक्टूबर, 1296 ई. को अलाउद्दीन खिलजी ने गद्दी संभाली। इसका वास्तविक नाम अलीगुर्शप था। इसने 1296 से 1316ई. तक शासन किया। यह दिल्ली सल्तनत के खिलजी वंश का दूसरा शासक था। उसका साम्राज्य अफगानिस्तान से लेकर उत्तर मध्य भारत तक विस्तृत था। स्थापत्य कला के क्षेत्र में 'अलाई दरवाजा' का निर्माण उसने ही करवाया था।
   - **संदर्भः** बच्चों को वर्ग सात की इतिहास की पाठ्यपुस्तक के अध्याय 3 अंतर्गत **खिलजी वंश** से जोड़कर चर्चा करें।

3. **विश्व आयोडीन अल्पता दिवस–** विश्व की लगभग एक–तिहाई जनसंख्या आयोडीन अल्पता का शिकार है। आयोडीन की कमी मनुष्य में बौद्धिक क्षमता को प्रभावित करती है। यह बढते शिशु के दिमाग के विकास और थायराइड प्रक्रिया के लिए अनिवार्य होता है। इसका प्रमुख स्त्रोत नमक है। इसके सेवन के लिए लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को वैश्विक आयोडीन दिवस मनाया जाता है।
   - **संदर्भः विज्ञान भाग 1** के अंतर्गत जहां पोषक तत्वों के बारे में चर्चा मिलती है, उससे जोड़कर चर्चा करें।

4. **आजाद हिंद फौज का गठन–** नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 21 अक्टूबर, 1934 ई. को आजाद हिन्द फौज की स्थापना सिंगापुर में किया था।

5. **हाथी धरोहर पशु घोषित–** 21 अक्टूबर, 2010 ई. को हाथी संरक्षण के दिशा में कदम उठाते हुए भारत सरकार ने हाथी को राष्ट्रीय धरोहर पशु घोषित किया है। देश में कुल 28 हाथी रिजर्व हैं, जो अधिकांशतः उत्तर पूर्वी भारत (असम, अरूणाचल, प. बंगाल, ओडिसा) और दक्षिणी भारत (केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक) में अवस्थित हैं।

Monday



Madhu priya

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष


21 अक्टूबर

## मधु प्रिया

# श्री कृष्ण सिंह का जन्म 21 अक्टूबर



श्री कृष्ण सिंह का जन्म 21 अक्टूबर 1887 को बंगाल प्रेसीडेंसी (अब शेखपुरा जिले का हिस्सा ) के मुंगेर जिले के बरबीघा के माउर गांव में एक भूमिहार परिवार में हुआ था । जब वह पाँच वर्ष के थे, तब उनकी माँ, जो एक विनम्र और धार्मिक विचारों वाली व्यक्ति थीं, की प्लेग से मृत्यु हो गई। उनकी शिक्षा गांव के स्कूल और मुंगेर के जिला स्कूल में हुई। 1906 में वे पटना कॉलेज में शामिल हुए , जो उस समय कलकत्ता विश्वविद्यालय का एक सहयोगी था । उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री और फिर पटना विश्वविद्यालय से कानून में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की और 1915 से मुंगेर में अभ्यास करना शुरू कर दिया। इस बीच, उन्होंने शादी कर ली और उनके दो बेटे हुए, शिवशंकर और बंदीशंकर (जिन्हें आमतौर पर स्वराज बाबू के नाम से जाना जाता है) जो बाद में राज्य सरकार में विभिन्न पदों पर रहे। बिहार केसरी" डॉ. श्रीकृष्ण सिंह (श्री बाबू) भारत के अखंड बिहार राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री (1946–1961) थे। उनके सहयोगी डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह उनके मंत्रिमंडल में उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री के रुप में आजीवन साथ रहे। उनके मात्र 10 वर्षों के शासनकाल में बिहार में उद्योग, कृषि, शिक्षा, सिंचाई, स्वास्थ्य, कला व सामाजिक क्षेत्र में की उल्लेखनीय कार्य हुये। उनमें आजाद भारत की पहली रिफाइनरी- बरौनी ऑयल रिफाइनरी, आजाद भारत का पहला खाद कारखाना- सिन्दरी व बरौनी रासायनिक खाद कारखाना, एशिया का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग कारखाना-भारी उद्योग निगम (एचईसी) हटिया, देश का सबसे बड़ा स्टील प्लांट-सेल बोकारो, बरौनी डेयरी, एशिया का सबसे बड़ा रेलवे यार्ड-गढ़हरा, आजादी के बाद गंगोत्री से गंगासागर के बीच प्रथम रेल सह सड़क पुल-राजेंद्र पुल, कोशी प्रोजेक्ट, पुसा व सबौर का एग्रीकल्चर कॉलेज, बिहार, भागलपुर, रांची विश्वविद्यालय इत्यादि जैसे अनगिनत उदाहरण हैं। उनके शासनकाल में संसद के द्वारा नियुक्त फोर्ड फाउंडेशन के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री श्री एपेल्लवी ने अपनी रिपोर्ट में बिहार को देश का सबसे बेहतर शासित राज्य माना था और बिहार को देश की दूसरी सबसे बेहतर अर्थव्यवस्था बताया था।इनकी मृत्यु 31 जनवरी 1961 आयु 74 वर्ष में हुआ ।




**कृष्ण सिंह** *Krishna Singh*, जन्म: 21 अक्टूबर, 1887, मुंगेर ज़िला, बिहार ; मृत्यु: 31 जनवरी, 1961) बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री तथा अधिवक्ता थे। ये 'बिहार केसरी' के नाम से प्रसिद्ध हैं। कृष्ण सिंह 2 जनवरी, 1946 से अपनी मृत्यु तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 21.10.2024


**तथ्यों का वस्तुपरक विश्लेषण**

**(objective analysis)**

**तथ्यों का वस्तुपरक विश्लेषण (objective analysis) करते हुए कोई निर्णय लेना आलोचनात्मक चिन्तन' या समीक्षात्मक चिन्तन (क्रिटिकल थिंकिंग) कहलाता है। यह विषय एक जटिल विषय है और आलोचनात्मक चिन्तन की भिन्न-भिन्न परिभाषाएँ हैं जिनमें प्राय: तथ्यों का औचित्यपूर्ण, स्केप्टिकल और पक्षपातरहित विश्लेषण शामिल होता है।**

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



लद्दाख में एशिया की सबसे बड़ी इमेजिंग दूरबीन का उद्घाटन किया गया है। इस दूरबीन का नाम मेजर एटमॉस्फेरिक चेरेनकोव एक्सपेरीमेंट (MACE) है। 4,300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह दूरबीन दुनिया में अपनी तरह की सबसे ऊंची दूरबीन है। इस दूरबीन के लगने से वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा।

स्रोत:
दैनिक भास्कर

# TOB

राकेश कुमार

## खेल कॉर्नर

CRICKET



# टेस्ट में 99 पर आउट होने वाले विकेटकीपर

| खिलाड़ी | खिलाफ | कहां | कब |
|---|---|---|---|
| ब्रेंडन मैकुलम (न्यूज़ीलैंड) | श्रीलंका | नेपियर | 2005 |
| एमएस धोनी (भारत) | इंग्लैंड | नागपुर | 2012 |
| जॉनी बेयरस्टो (इंग्लैंड) | साउथ अफ्रीका | ओल्ड ट्रैफर्ड | 2017 |
| ऋषभ पंत (भारत) | न्यूज़ीलैंड | बेंगलुरु | 2024 |




www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारतीय
पुलिस स्मृति दिवस
21 अक्टूबर
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जयंती पर नमन
डॉ श्रीकृष्ण सिंह
21 अक्टूबर 1887 - 31 जनवरी 1961
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
21 अक्टूबर
बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री
"बिहार केसरी"
श्रीकृष्ण सिंह
की जयंती पर सादर नमन
21 अक्टूबर 1887 - 31 जनवरी 1961
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari